Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय – 5 | समासः

## QUIZ-01

1. उत्तरपदार्थप्रधानता कस्मिन् समासे भवति ?

A. अव्ययीभावे
B. तत्पुरुषे
C. द्वन्द्वे
D. बहुव्रीहौ (B)

*व्याख्या :* जिस समास में उत्तर पद के प्रधानता रहती है वहां तत्पुरुष समास होता है।

2. संख्यापूर्वकः समाहारर्थकः समासः को भवति ?

A. बहुव्रीहिः B. द्विगुः
C. कर्मधारयः D. द्वन्द्वः (B)

*व्याख्या :* जिस समास में पूर्व पद संख्यावाची होता है और उत्तर पद संज्ञावाची वहां समाहार अर्थ में द्विगु समास होता है।

3. पौर्वशालः इत्यत्र क : समासोऽस्ति?

A. तत्पुरुषः B. कर्मधारयः
C. बहुव्रीहिः D. द्विगु (A)

*व्याख्या :* यहां उत्तर पद मुख्य है। जहां उत्तर पद मुख्य होता है और विभक्ति का लोप होता है वहां तत्पुरुष समास होता है। पूर्वस्यां शालायां भवः यह इसका समास विग्रह होगा।

4. राजपुरुषः इत्यस्य विग्रहपदं किम् अस्ति?

A. राजन् पुरुषः B. राज पुरुषः
C. राज्ञः पुरुषः D. राज्ञा पुरुषः (C)

*व्याख्या :* राजपुरुषः अर्थात राजा का पुरुष संस्कृत में इसका विग्रह होगा राज्ञः पुरुषः। यहां उत्तर पद मुख्य है तथा समस्त पद बनाते समय विभक्ति का लोप हो रहा है अतः तत्पुरुष समास होगा।

5. पीताम्बरः इत्यस्य विग्रहपदं किम् अस्ति?

A. पीतस्य अम्बरं B. पीतेन अम्बरं
C. पीताय अम्बरं D. पीतम् अम्बरं यस्य सः (D)

*व्याख्या :* पीतम्अम्बरं यस्य सः इस विग्रह से पीला है वस्त्र जिसका अर्थात् विष्णु, अन्य पद मुख्य होने से बहुव्रीहि समास है।

6. नवरात्रम् इत्यत्र कः समासः?

A. अव्ययीभाव समासः B. द्विगु समासः
C. तत्पुरुष समासः D. द्वंद्व समासः (B)

*व्याख्या :* नव रात्रीणाम् समाहारः इस विग्रह से यहां द्विगु समास होगा क्योंकि नवरात्रियों का समाहार अर्थात् नवरात्रम् । द्विगु समास में पूर्व पद संख्यावाची होता है और यहां भी पहला पद नव अर्थात संख्यावाची है।

7. दशाननः इत्यस्य विग्रहपदं किम् अस्ति?

A. दश आननानि यस्य सः
B. दशानि आननानि यस्य सः
C. दशाय आननम्
D. दशेन आननम् (A)

*व्याख्या :* दश आननानि यस्य सः इस विग्रह से यहां बहुव्रीहि समास है क्योंकि यहां अन्य पद प्रधान है दश है आनन जिसके अर्थात रावण।

8. चतुर्युगम् इति कस्योदाहरणमेव अस्ति?

A. समाहारद्वन्द्वस्य B. समाहारद्विगुसमासस्य
C. बहुव्रीहिसमासस्य D. तत्पुरुषस्य (B)

*व्याख्या :* इसका समास विग्रह है चतुर् युगानां समाहारः अर्थात चार युगों का समाहार। इस विग्रह से यहां समाहार द्विगु समास होगा। द्विगु समास में पहला पद संख्यावाची होता है तथा दूसरा शब्द संज्ञा वाची।

9. अन्यपदार्थप्रधानता कस्मिन् समासे भवति ?

A. अव्ययीभावे B. तत्पुरुषे
C. द्वन्द्वे D. बहुव्रीहौ (D)

*व्याख्या :* समास में दो पद मुख्य होते हैं एक पूर्व पद दूसरा उत्तर पद। समास विग्रह करते समय दोनों में से एक पद मुख्य होता है। जहां दोनों ही पद मुख्य नहीं होते अन्य पद मुख्य होता है वहां बहुव्रीहि समास होता है।

10. भूतबलिः इत्यत्र कः समासः?

A. अव्ययीभाव समासः B. द्विगु समासः
C. तत्पुरुष समासः D. द्वंद्व समासः (C)

*व्याख्या :* इसका समास विग्रह है- भूतेभ्यः बलिः। इस विग्रह से यहां चतुर्थी तत्पुरुष समास होगा क्योंकि समस्त पद बनाते समय विभक्ति का लोप हो रहा है।जहां उत्तर पद प्रधान होता है और विभक्ति का लोप होता है वहां तत्पुरुष समास होता है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App